दिन– रविवार                                                    दिनांक– 10/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।                                     अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत एक करोड़ बारह लाख से अधिक लाभुकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से एक हजार दो सौ सैंतालीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की। इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को ग्यारह–ग्यारह सौ रुपये की पेंशन राशि अंतरित की गयी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जून महीने से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत वृद्धजनों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं को हर माह मिलने वाली पेंशन की राशि चार सौ रुपये से बढ़ाकर ग्यारह सौ रुपये प्रतिमाह कर दी गयी है। इससे इस योजना के लाभार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी भी शामिल थे।

———————————————————

मानूसन की सक्रियता से राज्य के अधिकतर भागों में मध्यम से भारी वर्षा का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार, शेखपुरा और नालंदा जिले के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गयी। वहीं, राज्य के शेष भागों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश रिकॉर्ड की गई। विभाग के अनुसार कटिहार के अमदाबाद में सबसे अधिक एक सौ उनतालीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं, नालंदा के सरमेरा में छियासठ दशमलव आठ, शेखपुरा में पैंसठ दशमलव चार और पटना के मनेर में सत्तावन दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बारह अगस्त को पटना, सुपौल, किशनगंज, कटिहार, सीतामढ़ी, दरभंगा, वैशाली, सीवान, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण के अधिकांश स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है।

———————————————————

प्रदेश से होकर गुजरने वाली प्रमुख नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी है। गंगा, पुनपुन, बूढ़ी गंडक, घाघरा और कोसी समेत कई नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट में खतरे के निशान से एक सौ उनतीस सेंटीमीटर ऊपर थी। वहीं, हाथीदह में गंगा नदी खतरे के निशान से एक सौ सैंतीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। भागलपुर जिले के कहलगांव में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से एक सौ पैंसठ सेंटीमीटर ऊपर था, इसके जलस्तर में आज रात दस बजे तक सोलह सेंटीमीटर की वृद्धि की संभावना है। इधर, खगड़िया में बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान से दो सौ दस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया है। वहीं, मुजफ्फरपुर जिले के बेनीबाद में बागमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से एक सौ छह सेंटीमीटर ऊपर है। कटिहार जिले के कुर्सेला में कोसी नदी का जलस्तर खतरे के निशान से एक सौ पैंतीस सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया है।

---

इधर, विभिन्न नदियों में भारी उफान के कारण पटना, बक्सर, मधुबनी, शेखपुरा, खगड़िया और भागलपुर समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो गयी है। बाढ़ से तेरह जिलों में दस लाख से अधिक की आबादी प्रभावित है। गंगा नदी में उफान से पटना जिले के दियारा इलाके में बाढ़ की स्थिति गम्भीर बनी हुई है।

---

राजगीर स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में चल रही एशिया रग्बी अंडर–ट्वेंटी सेवेंस के सेमीफाइनल में महिलाओं के वर्ग में भारतीय टीम चीन के हाथों हार कर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है। आज दोपहर खेले गये महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में चीन ने भारतीय टीम को सात के मुकाबले अट्ठाईस अंकों से पराजित किया। इधर, भारतीय पुरुष टीम ने उज्बेकिस्तान को पराजित कर पांचवा स्थान प्राप्त किया है।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि राज्य में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत राजनीतिक दलों से अब तक कोई दावा–आपत्ति नहीं मिली

है। आयोग ने कहा है कि जिन मतदाताओं का नाम एक अगस्त को प्रकाशित मतदाता सूची प्रारूप में शामिल नहीं है, वे एक सितम्बर तक दावा–आपत्ति के लिए आवेदन दे सकते हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन तीस सितम्बर को किया जाएगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।